

# कार्य पत्रक
# प्राथमिक स्तर

## लेवल - 1&2

कक्षा-4 (प्रथम भाषा)
हिंदी



# हिंदी – First Language Work Sheets

## Class – IV

**Level - I**

1) सन्नद्धता कार्यक्रम

और

**Level - II**

2) शैक्षणिक वर्ष 2021-22

पाठ-1 : मन के भोले-भाले बादल

**राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद**
**तेलंगाना, हैदराबाद.**

# आभार

राज्य शैक्षिक और अनुसंधान परिषद् तेलंगाना, लॉकडाऊन के दौरान कक्षा II से कक्षा X तक के बच्चों के लिए सभी विषयों के कार्यपत्रकों की तैयारी और सुलभता में प्रेरणा और मार्गदर्शन देने के लिए माननीय शिक्षा मंत्री श्रीमती पी. सबिता इंद्रा रेड्डी, विशेष मुख्य सचिव, शिक्षा, श्रीमती चित्रा रामचंद्रन तथा स्कूली शिक्षा निदेशक सुश्री श्रीदेवसेना के प्रति आभार प्रकट करती है।

इसके अतिरिक्त एस.सी.ई.आर.टी. तेलंगाना, ऑन लाइन प्लेटफार्मों का उपयोग करते हुए कार्यपत्रकों के निर्माण का उत्कृष्ट कार्य करने तथा सामग्री की तैयारी के लिए चर्चा हेतु सोशल मीडिया ग्रुपों का उपयोग करने के लिए विषय विशेषज्ञों, संपादकीय टीमों और डी.टी.पी. ऑपरेटरों का हृदय से धन्यवाद प्रकट करती है।

# विकास समिति

**अध्यक्षा:**

**श्रीमती शेषु कुमारी, निदेशक, एस.सी.ई.आर.टी., तेलंगाणा राज्य, हैदराबाद**

**विषय प्रभारी :**

**श्रीमती जी. किरण,** जी.बी.एच.एस. चादरघाट नं-2 आबिड्स, हैदराबाद

**श्री सय्यद मतीन अहमद,** हैदराबाद

**सहभागी गण:**

**डॉ. ऋतु भसीन,** जेड.पी.एच.एस. मच्छा बोलाराम, मेड्चल, हैदराबाद

**श्रीमती संगीता पाण्डेय,** कीसू हाई स्कूल, सिकंदराबाद

**श्रीमती चंदना,** जी.एच.एस. गजवेल, सिद्दिपेट

**श्री मुहम्मद उमर अली,** जेड.पी.एच.एस., नंदीमेडारम, पेद्दपल्ली

**श्री सैय्यद अलाउद्दीन,** जेड.पी.एच.एस. गजसिंहवरम, राजन्ना सिरिसिल्ला

**श्री शेख गौस पाशा,** जेड.पी.एच.एस. सिद्दप्पापुर, वरंगल अर्बन

**श्री शरफुद्दीन,** जी.एच.एस., मासुम अली, वरंगल अर्बन

**श्री मिर्जा सरदार बेग,** जेड.पी.एच.एस., कोत्तगट्टु, करीमनगर

**समन्वयक :**

**श्रीमती तहसीन सुल्ताना,** प्रोफेसर एवं हेड, सी एंड टी विभाग, एस. सी. ई. आर. टी., तेलंगाणा राज्य, हैदराबाद

**श्रीमती आई. करुणा श्री,** एस.ए., एस. सी. ई. आर. टी., तेलंगाणा राज्य, हैदराबाद

**संपादक :**

**श्री सय्यद मतीन अहमद,** हैदराबाद

**श्रीमती जी. किरण,** जी.बी.एच.एस. चादरघाट नं-2 आबिड्स, हैदराबाद

**तकनीकी सहायता :**

**श्री मुहम्मद शरीफ अहमद,** जेड.पी.एच.एस., रामंचा, करीमनगर

**श्रीमती आरीफ़ा सुल्ताना,** तेलंगाणा हिंदी अकादमी, हैदराबाद

# हिंदी – चौथी कक्षा

## शैक्षणिक वर्ष 2021-22 (Level-1)

### विषय-सूची



| क्र.सं. | विषय | विषय का नाम | पृ.सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | पढ़ो | गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। | 2 |
| 2 | लिखो (स्वरचना) | प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। | 3 |
| 3 | सृजनात्मक अभिव्यक्ति | प्रश्नों के उत्तर दीजिए। | 4 |
| 4 | शब्द भंडार | पाठशाला से संबंधित शब्दों को बक़्सा में से चुनिए एवं घेरा लगाइए। | 5 |
| 5 | भाषा की बात | व्याकरणांश | 6 |
| 6 | पढ़ो | गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। | 7 |
| 7 | लिखो (स्वरचना) | प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। | 8 |
| 8 | सृजनात्मक अभिव्यक्ति | सृजनात्मकता | 9 |
| 9 | शब्द भंडार | निम्न शब्दों के उत्तर सूचना के अनुसार दीजिए। | 10 |
| 10 | भाषा की बात | शब्दों के उत्तर लिखिए। | 11 |
| 11 | पढ़ो | पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। | 12 |
| 12 | लिखो (स्वरचना) | प्रश्नों के उत्तर लिखिए। | 13 |
| 13 | सृजनात्मक अभिव्यक्ति | निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए। | 14 |
| 14 | शब्द भंडार | शब्दों के उत्तर सूचना के अनुसार दीजिए। | 15 |
| 15 | भाषा की बात | सूचना के अनुसार उत्तर लिखिए। | 16 |
| 16 | पढ़ो | पद्यांश पढ़िए। वाक्य का सही क्रम लिखिए। | 17 |
| 17 | लिखो (स्वरचना) | प्रश्नों के उत्तर लिखिए। | 18 |
| 18 | सृजनात्मक अभिव्यक्ति | प्रश्न का उत्तर दीजिए। | 19 |

# हिंदी : चौथी कक्षा

## शैक्षाणिक वर्ष 2021-22 (Level-2)

## विषय-सूची


| क्र.सं. पाठ का नाम | वर्कशीट विवरण | पृ.सं. |
|---|---|---|
| 1. मन के भोले-भाले बादल | 1. उन्मुखीकरण | 24 |
| | 2. विषयवस्तु | 25 |
| | 3. विषयवस्तु | 26 |
| | 4. विषयवस्तु | 27 |
| | 5. सुनो-बोलो | 28 |
| | 6. पढ़ो | 29-30 |
| | 7. लिखो | 31 |
| | 8. शब्द भंडार | 32-33 |
| | 9. व्याकरणांश | 34-35 |
| | 10. सृजनात्मक अभिव्यक्ति | 36 |

# LEVEL – 1

# सन्नद्धता कार्यक्रम

# CLASS – IV

## हिंदी (प्रथम भाषा)(HINDI FIRST LANGUAGE)

**Learning Outcomes :**

- पठित अंश पढ़कर प्रतिक्रिया करेंगे।
- पठित अंश के आधार पर अपने स्व विचार लिखेंगे।
- चित्र सृजन करेंगे नाम लिखेंगे और नई विधाओं का सृजन करेंगे।
- शब्द भंडार में वृद्धि करेंगे और भाषा की बारीकियों को समझेंगे।

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

**TELANGANA, HYDERABAD.**

**READINESS PROGRAMME LEVEL - 1**

**CLASS: IV (FL)** **Medium: EM/HM** **Subject: Hindi**

**Topic / Concept:** पढ़ो **Worksheet No: 1**

---

निम्न गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**तिब्बत को दुनिया की छत कहा जाता है क्योंकि यह बहुत ऊँचे पठार पर स्थित है। पठार ज़मीन के ऐसे भाग को कहते है जो मैदान से ऊँचा हो और पहाड़ से नीचा होता है। तिब्बत की हवा में नमी बहुत कम है। यहाँ लगभग 1500 झीलें हैं। ये झीलें बनती हैं - पहाड़ों की बर्फ पिघलने से। इनमें मानसरोवर झील बहुत प्रसिद्ध है। यहीं से संगपो यानि ब्रह्मपुत्र नदी निकलती है।**

## प्रश्न:-

1. तिब्बत किस नाम से मशहूर है?
2. पठार किसे कहते हैं?
3. गद्यांश में कौन सी प्रसिद्ध झील का नाम आया है?
4. ब्रह्मपुत्र नदी का दूसरा नाम क्या है?
5. झीलें कैसे बनती हैं?

**STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING**

**TELANGANA, HYDERABAD.**

**READINESS PROGRAMME LEVEL - 1**

**CLASS: IV (FL)** **Medium: EM/HM** **Subject: Hindi**

**Topic / Concept:** लिखो (स्वरचना) **Worksheet No: 2**

---

I. प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न:-

1. आपने कई पेड़ों को देखा होगा। किसी एक छायादार पेड़ के बारे में तीन चार वाक्य लिखिए।

2. अधिक गर्मी होने पर धरती में छिपे जीव बाहर निकल आते हैं जैसे साँप। ऐसे ही किसी अन्य जीव के बारे में लिखिए।

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

TELANGANA, HYDERABAD.

READINESS PROGRAMME LEVEL - 1

**CLASS: IV (FL)** **Medium: EM/HM** **Subject: Hindi**

**Topic / Concept:** सृजनात्मक अभिव्यक्ति **Worksheet No: 3**

---

I निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. रबड़ के पेड़ के बारे में निम्न बिंदुओं की सहायता से मित्र के साथ वार्तालाप कीजिए।

दूधिया रस | रस | टायर | खिलौने | छाल | गुब्बारे

2. मन पसंद फल के बारे में छोटी सी कविता लिखिए।

**STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING**

**TELANGANA, HYDERABAD.**

**READINESS PROGRAMME LEVEL - 1**

**CLASS: IV (FL)** **Medium: EM/HM** **Subject: Hindi**

**Topic / Concept:** शब्द भंडार **Worksheet No: 4**

---

I. पाठशाला से संबंधित शब्दों को बक़्सा में से चुनिए एवं घेरा लगाइए।

| | | |
|---|---|---|
| मटर | कक्षा | घण्टा |
| मैदान | माँ | पुस्तक |
| पलंग | मित्र | कपड़ा |

II. रबड़ से कई <u>चीज़ें</u> बनती हैं। वचन पहचानिए।

III. निम्न शब्दों के उत्तर सूचना अनुसार दीजिए।

1. बढ़िया (विलोम लिखिए।)

2. जल (दो अलग अर्थ लिखिए।)

STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
TELANGANA, HYDERABAD.
READINESS PROGRAMME LEVEL - 1

**CLASS: IV (FL)** **Medium: EM/HM** **Subject: Hindi**
**Topic / Concept:** भाषा की बात **Worksheet No: 5**

---

1. बालक ने साँप को <u>पकड़ लिया</u>। रेखांकित शब्द को व्याकरण की दृष्टि से क्या कहेंगे।
   A) क्रिया B) संज्ञा C) सर्वनाम D) विशेषण

2. मैं हैदरबाद का नागरिक हूँ। वाक्य में यह विराम चिह्न लगा है।
   A) पूर्णविराम B) प्रश्नचिह्न C) आश्चर्य चिह्न D) अर्धविराम

3. मैं तो यहीं घर बनाऊँगा। वाक्य का काल पहचानिए।
   A) भूत काल B) भविष्यत काल
   C) वर्तमान काल D) पूर्ण भूतकाल

4. कल परीक्षा होगी। वाक्य को नकारात्मक रूप में बदलिए।
   A) कल परीक्षा नहीं होगी। B) कल परीक्षा नको होगी।
   C) कल परीक्षा मत होगी। D) कल परीक्षा होगी क्यों?

5. नारियल _____ पेड़ _____ छोटी-सी छाह!। रिक्त स्थान में आने वाले कारक चिह्न पहचानिए।
   A) के, में B) के, की C) के, को D) के, सें

STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

TELANGANA, HYDERABAD.

READINESS PROGRAMME LEVEL - 1

CLASS: IV (FL) Medium: EM/HM Subject: Hindi

Topic / Concept: पढ़ो Worksheet No: 6

---

**निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**आम का पेड़ बहुत बढ़िया होता है और आम भी बड़ा अच्छा फल है। केले का पेड़ बड़े काम का होता है और केला खाने में अच्छा होता है। पेड़ नीम का भी अच्छा है। उसकी दातुन बड़ी अच्छी रहती है। घर में कोई बीमार हो, तो लोग नीम की टहनियाँ दरवाज़े पर लटका देते हैं। मेरे पास नीम का पेड़ हो, तो मैं उसकी टहनियाँ बेच सकता हूँ और पेड़ मुझे थंडी छाँह भी देगा और अगर कहीं मेरे पास रबड़ का पेड़ होता, तो मैं अपना चाकू निकालकर पेड़ की छाल में एक लंबा चीरा लगा देता। चीरे के तले में एक प्याला रख देता। पेड़ के दूधिया रस को मैं प्याले में भर लेता। रस को पकाकर रबड़ से लोग गुब्बारे, टायर और तरह तरह की चीज़ें बना लेते हैं।**

## प्रश्न:-

1. **उपर्युक्त गद्यांश में आपने कितने पेड़ों की जानकारी हासिल की?**
2. **किस पेड़ से हमें दातुन प्राप्त होती है?**
3. **लोग नीम की टहनी का उपयोग कैसे करते हैं?**
4. **रबड़ कैसे बनता है?**
5. **रबड़ से बनाये जाने वाली कुछ चीज़ों के नाम लिखिए।**

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

TELANGANA, HYDERABAD.

READINESS PROGRAMME LEVEL - 1

**CLASS: IV (FL)** **Medium: EM/HM** **Subject: Hindi**

**Topic / Concept: लिखो (स्वरचना)** **Worksheet No: 7**

---

I. **प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।**

**प्रश्न:-**

**1. धरती पर रेंगनेवाले कुछ जानवरों के नाम लिखिए।**

**2. नीम, आम और केले के पत्तों को किस उपयोग में लाया जाता है - लिखिए।**

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

TELANGANA, HYDERABAD.

READINESS PROGRAMME LEVEL - 1

**CLASS: IV (FL)** **Medium: EM/HM** **Subject: Hindi**

**Topic / Concept: सृजनात्मक अभिव्यक्ति** **Worksheet No: 8**

---

**I निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. **'प्रिय भोज़न' विषय पर माँ और बच्चे के वार्तालाप को आगे बढ़ाइए।**

**माँ - बेटा! क्या खाओगे?**

**बेटा - माँ मुझे आलू पराठा खाना है।**

**माँ - गर्मी में हमें तेल तलन का भोजन कम से कम करना चाहिए।**

**बेटा -** ______________________________________________

**माँ -** ______________________________________________

**बेटा -** ______________________________________________

**माँ -** ______________________________________________

**बेटा -** ______________________________________________

**माँ -** ______________________________________________

**बेटा -** ______________________________________________

**माँ -** ______________________________________________

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

TELANGANA, HYDERABAD.

READINESS PROGRAMME LEVEL - 1

**CLASS: IV (FL)** **Medium: EM/HM** **Subject: Hindi**

**Topic / Concept: शब्द भंडार** **Worksheet No: 9**

---

**I निम्न शब्दों के उत्तर सूचना के अनुसार दीजिए।**

**1. i) पानी - पर्यायवाची शब्द लिखिए।**

**iiiiii ii) आसमान - पर्यायवाची शब्द लिखिए।**

**2. iii) बारह आने - अंकों में लिखिए।**

**iiv) चार सौ - अंकों में लिखिए।**

**3. v) अपना - विलोम शब्द लिखिए।**

**vivi) सुबह - विलोम शब्द लिखिए।**

**4. <u>गरम-गरम</u> धूप थी। शब्द-भेद पहचानिए।**

**5. मुँह में पानी आना। (मुहावरे का अर्थ लिखिए।)**

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

TELANGANA, HYDERABAD.

READINESS PROGRAMME LEVEL - 1

**CLASS: IV (FL)** **Medium: EM/HM** **Subject: Hindi**

**Topic / Concept: भाषा की बात** **Worksheet No: 10**

---

I. **निम्न शब्दों के उत्तर लिखिए।**

1. **ये मीठे आम हैं। विशेषण पहचानिए।**

2. **<u>नानी</u> घबरा गई। रेखांकित शब्द का लिंग बदलिए।**

3. **तुम्हारा नाम क्या है? विरामचिह्न पहचानकर लिखिए।**

4. **सही शब्दकोश क्रम में लिखिए।**

   **छीमी, गुब्बारा, आम, तलाश**

5. **वाक्य प्रयोग कीजिए।**

   **i i) भरपेट**

   **ii ii) शरारती**

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

TELANGANA, HYDERABAD.

**READINESS PROGRAMME LEVEL - 1**

**CLASS: IV (FL)** **Medium: EM/HM** **Subject: Hindi**

**Topic / Concept:** पढ़ो **Worksheet No: 11**

---

निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**एक काबुलीवाले की कहते हैं लोग कहानी,**
**लाल मिर्च को देख गया भर उसके मुँह में पानी।**
**सोचा, क्या अच्छे दाने हैं, खाने से बल होगा,**
**यह ज़रूर इस मौसम का कोई मीठा फल होगा।**
**एक चवन्नी फेंक और झोली अपनी फैलाकर,**
**कुँजड़िन से बोला बेचारा ज्यों-त्यों कुछ समझाकर।**
**लाल-लालू, पतली छीमी हो चीज़ अगर खाने की,**
**तो हमको दो तोल छीमियाँ फ़कत चार आने की।**

## प्रश्न:-

1. लोग किसकी कहानी कहते हैं?
2. लालमिर्च को काबुलीवाला क्या समझ बैठा?
3. काबुलीवाले ने कुँजड़िन से कितने की मिर्च माँगी?
4. काबुलीवाले ने कुँजड़िन के सामने क्या फेंका?
5. प्रस्तुत पद्यांश किस कविता से लिया गया है?

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

TELANGANA, HYDERABAD.

READINESS PROGRAMME LEVEL - 1

**CLASS: IV (FL)** **Medium: EM/HM** **Subject: Hindi**

**Topic / Concept:** लिखो (स्वरचना) **Worksheet No: 12**

---

## प्रश्न:-

1. हमें अंधविश्वास से क्यों बचना चाहिए?

2. लाल रंग की कुछ चीज़ों के नाम लिखिए।

## STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
TELANGANA, HYDERABAD.
READINESS PROGRAMME LEVEL - 1

**CLASS: IV (FL)** **Medium: EM/HM** **Subject: Hindi**
**Topic / Concept:** सृजनात्मक अभिव्यक्ति **Worksheet No: 13**

---

I निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. 'बरसात' विषय पर कविता का सृजन कीजिए। इन बिंदुओं की सहायता द्वारा लिखिए।

| पेड़ | बादल | छाता |
|---|---|---|

| फूल | बगीचा |
|---|---|

2. अपने मित्र को सफाई संबंधी कुछ नियम बताते हुए एक पत्र लिखिए।

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

**TELANGANA, HYDERABAD.**

**READINESS PROGRAMME LEVEL - 1**

**CLASS: IV (FL)** **Medium: EM/HM** **Subject: Hindi**

**Topic / Concept:** शब्द भंडार **Worksheet No: 14**

---

I निम्न शब्दों के उत्तर सूचना के अनुसार दीजिए।

1. अंधविश्वास - उपसर्ग छाँटिए।

2. आवश्यकता - प्रत्यय छाँटिए।

3. निडर - विलोम शब्द लिखिए।

4. धरती - पर्यायवाची शब्द लिखिए।

5. टप-टप - ऐसे तीन शब्द लिखिए।

______________, ______________, ______________

## STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
TELANGANA, HYDERABAD.

READINESS PROGRAMME LEVEL - 1

**CLASS: IV (FL)** **Medium: EM/HM** **Subject: Hindi**

**Topic / Concept:** भाषा की बात **Worksheet No: 15**

---

I. सूचना के अनुसार उत्तर लिखिए।

1. चित्र देखिए। गुण बताइए।





2. <u>नारियल</u> की जटाओं से मोटी <u>डोरियाँ</u> बनती हैं।
   शब्द भेद पहचानिए।

3. मेरा महान देश है। वाक्य का क्रम सही कीजिए।

4. बरसात _______ दिन सुहावना होता है।
   उचित शब्द से रिक्तस्थान भरिए।

5. लालमिर्च तीखी होता है। वाक्य शुद्ध कीजिए।

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

TELANGANA, HYDERABAD.

READINESS PROGRAMME LEVEL - 1

**CLASS: IV (FL)** **Medium: EM/HM** **Subject: Hindi**

**Topic / Concept: पढ़ो** **Worksheet No: 16**

---

**निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**एक-एक यदि पेड़ लगाओ,**

**तो तुम बाग लगा दोगे।**

**एक-एक यदि ईंट जोड़ो,**

**तो तुम महल बना दोगे।**

**एक-एक यदि पैसा जोड़ो,**

**तो बन जाओगे धनवान।**

**एक-एक यदि अक्षर पढ़ लो,**

**तो बन जाओगे विद्वान।**

## प्रश्न:-

1. एक-एक पेड़ लगाने से क्या होता है?
2. महल कैसे बनेगा?
3. धनवान बनने के लिए क्या करना है?
4. विद्वान कैसे बनोगे?
5. उपर्युक्त कविता का उचित शीर्षक लिखिए?

STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

TELANGANA, HYDERABAD.

READINESS PROGRAMME LEVEL - 1

**CLASS: IV (FL)** **Medium: EM/HM** **Subject: Hindi**

**Topic / Concept: लिखो (स्वरचना)** **Worksheet No: 17**

---

**प्रश्न:-**

1. **दुकान से किसी चीज़ के खरीदने पर उसकी जाँच परख क्यों करनी चाहिए?**

2. **नीम के पत्ते और लकड़ियाँ हमारे लिए किस तरह उपयोगी हैं?**

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

TELANGANA, HYDERABAD.

READINESS PROGRAMME LEVEL - 1

**CLASS: IV (FL)** **Medium: EM/HM** **Subject: Hindi**

**Topic / Concept: सृजनात्मक अभिव्यक्ति** **Worksheet No: 18**

---

**I निम्न लिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।**

1. **जन्म दिन की शुभकामनाएँ देते हुए बड़े भाई को पत्र लिखिए।**

2. **देश भक्ति संबंधी दो नारे लिखिए।**

   **1)** ____________________________

   **2)** ____________________________

# LEVEL – 2

## शैक्षणिक वर्ष 2021-22

पाठ 1 : मन के भोले-भाले बादल

# हिंदी : चौथी कक्षा

## शैक्षाणिक वर्ष 2021-22 (Level-2)

## विषय-सूची


| क्र.सं. पाठ का नाम | वर्कशीट विवरण | पृ.सं. |
|---|---|---|
| 1. मन के भोले-भाले बादल | 1. उन्मुखीकरण | 24 |
| | 2. विषयवस्तु | 25 |
| | 3. विषयवस्तु | 26 |
| | 4. विषयवस्तु | 27 |
| | 5. सुनो-बोलो | 28 |
| | 6. पढ़ो | 29-30 |
| | 7. लिखो | 31 |
| | 8. शब्द भंडार | 32-33 |
| | 9. व्याकरणांश | 34-35 |
| | 10. सृजनात्मक अभिव्यक्ति | 36 |

# CLASS - IV

## हिंदी (प्रथम भाषा) (HINDI FIRST LANGUAGE)

Name of The Lesson : 1. मन के भोले-भाले बादल

Total No. of Teaching Periods : 10

Total No. of Worksheets : 10

### Learning Outcomes :

- चित्र के बारे में बातचीत करेंगे।
- अभिनययुक्त पठन-पाठन करेंगे।
- देखी, सुनी, पढ़ी गई बातों को अपनी भाषा में व्यक्त करेंगे ।
- चित्र पठन को रुचि पूर्वक देखेंगे, सुनेंगे अपनी प्रतिक्रिया देंगे।
- संदर्भानुसार चित्रों को देखकर अनुमान लगाते हुए पाठ पढ़ेंगे।
- पठित अंश पढ़कर उनसे संबंधित प्रश्नों के उत्तर देंगे।
- वर्तनी, वचन को समझकर लिखेंगे।
- पाठ्यांश के मुख्य शब्दों की पहचान करेंगे।
- पाठ से संबंधित सृजनात्मक अभिव्यक्ति को विभिन्न प्रकार से लिखेंगे।

# मन के भोले-भाले बादल



झब्बर-झब्बर बालों वाले
गुब्बारे से गालों वाले
लगे दौड़ने आसमान में
झूम-झूम कर काले बादल।

कुछ जोकर-से तोंद फुलाए
कुछ हाथी-से सूँड़ उठाए
कुछ ऊँटों-से कूबड़ वाले
कुछ परियों-से पंख लगाए

आपस में टकराते रह-रह
शेरों से मतवाले बादल।

कुछ तो लगते हैं तूफ़ानी
कुछ रह-रह करते शैतानी
कुछ अपने थैलों से चुपके
झर-झर-झर बरसाते पानी

नहीं किसी की सुनते कुछ भी
ढोलक-ढोल बजाते बादल।

रह-रहकर छत पर आ जाते
फिर चुपके ऊपर उड़ जाते
कभी-कभी ज़िद्दी बन करके
बाढ़ नदी-नालों में लाते

फिर भी लगते बहुत भले हैं
मन के भोले-भाले बादल।

-कल्पनाथ सिंह

SCERT TELANGANA

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2021-22**

**LEVEL – 2**

**Class : IV (FL)** **Medium : EM/HM** **Subject : Hindi**

**Unit : मन के भोले-भाले बादल** **Topic/Concept : उन्मुखीकरण** **Worksheet No.: 1**

इस वर्कशीट द्वारा छात्र पाठ के उन्मुखीकरण चित्र द्वारा नये शब्दों को जानेंगे। चित्र के द्वारा उनके बारे में बातचीत करेंगे। इससे उनकी मौखिक भाषा का विकास होगा। पाठ के अन्य चित्रों के बारे में बात करेंगे।

## PRACTICE SHEET



१. चित्र में क्या-क्या दिखाई दे रहा है?

२. बच्चे क्या कर रहे हैं?

३. इस चित्र को देखकर आपका मन क्या करने को चाहता है?

## ASSESSMENT SHEET

१. आपको वर्षा में भीगने पर कैसा लगता है?

२. बादलों से क्या लाभ हैं?

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2021-22**

**LEVEL – 2**

| | | |
|---|---|---|
| Class : IV (FL) | Medium : EM/HM | Subject : Hindi |
| Unit : मन के भोले-भाले बादल | Topic/Concept : उन्मुखीकरण | Worksheet No.: 2 |

इस वर्कशीट द्वारा छात्र कविता पाठ का पहला कवितांश पढ़कर, समझकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दे पायेंगे। इससे उनकी पठन क्षमता का विकास होगा। विषयवस्तु को संदर्भानुसार ग्रहण करेंगे। गीत को धाराप्रवाह के साथ पढ़ने का अभ्यास करेंगे।

**PRACTICE SHEET**

झब्बर-झब्बर बालों वाले
गुब्बारे से गालों वाले
लगे दौड़ने आसमान में
झूम-झूम कर काले बादल।

प्रश्न : १. झब्बर-झब्बर बालों वाले कौन हैं?
२. गाल कैसे हैं?
३. आसमान में कौन दौड़ रहे हैं?
४. बादल किस रंग के हैं?

**ASSESSMENT SHEET**

१. गुब्बारे जैसे गालों वाले कौन हैं?
२. बादल कैसे दौड़ रहे हैं?
३. आप झूम-झूम कर कब नाचते हैं?
४. उपर्युक्त कवितांश में दौड़ना, आसमान और बादल शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए।

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2021-22**

**LEVEL – 2**

**Class : IV (FL)** | **Medium : EM/HM** | **Subject : Hindi**

**Unit : मन के भोले-भाले बादल** | **Topic/Concept : विषयवस्तु** | **Worksheet No.: 3**

इस वर्कशीट द्वारा छात्र कविता पाठ के दूसरा कवितांश को पढ़कर, समझकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दे पाएंगे। इससे उनकी पठन क्षमता का विकास होगा। विषयवस्तु को संदर्भानुसार ग्रहण करेंगे। गीत को धाराप्रवाह के साथ पढ़ने का अभ्यास करेंगे।

## PRACTICE SHEET

कुछ जोकर-से तोंद फुलाए
कुछ हाथी-से सूँड़ उठाए
कुछ ऊँटों-से कूबड़ वाले
कुछ परियों-से पंख लगये
आपस में टकराते रह-रह
शेरों से मतवाले बादल।

प्रश्न : १. कविता में बादलों की तुलना किन-किन पशुओं का साथ की गई है?

२. आपस में कौन टकराते हैं?

३. तोंद शब्द का अर्थ क्या है?

## ASSESSMENT SHEET

१. बादल किसके जैसे तोंद फुलाए हैं?

२. हाथी जैसे सूंडवाले क्या हैं?

३. क्या आपको परियों की कहानियाँ अच्छी लगती हैं? क्यों?

४. इस कवितांश के अंतर्गत दिये गये शब्दों के लिंग बदलिए।

१. हाथी .................

२. ऊँट .................

३. शेर .................

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2021-22**

**LEVEL – 2**

**Class : IV (FL)** | **Medium : EM/HM** | **Subject : Hindi**

**Unit : मन के भोले-भाले बादल** | **Topic/Concept : विषयवस्तु** | **Worksheet No.: 4**

इस वर्कशीट द्वारा छात्र कविता पाठ के तीसरे कवितांश को पढ़कर, समझकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दे पाएंगे। इससे उनकी पठन क्षमता का विकास होगा। विषयवस्तु को संदर्भानुसार ग्रहण करेंगे। गीत को धाराप्रवाह के साथ पढ़ने का अभ्यास करेंगे।

**PRACTICE SHEET**

कुछ तो लगते हैं तूफ़ानी
कुछ रह-रह करते शैतानी
कुछ अपने थैलों से चुपके
झर-झर-झर बरसाते पानी
नहीं किसी की सुनते कुछ भी
ढोलक-ढोल बजाते बादल।

१. यदि बरसात न होती तो क्या होता?
२. बरसात होते ही आप क्या करना चाहते हैं?

**ASSESSMENT SHEET**

१. रह-रह कर शैतानी करनेवाले कौन हैं?
२. बादल कैसे पानी बरसाते हैं?
३. बादल क्या बजाते हैं?
४. आप थैली का उपयोग कब-कब करते हैं?

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2021-22**

**LEVEL – 2**

| | | |
|---|---|---|
| Class : IV (FL) | Medium : EM/HM | Subject : Hindi |
| Unit : मन के भोले-भाले बादल | Topic/Concept : विषयवस्तु | Worksheet No.: 5 |

इस वर्कशीट द्वारा छात्र कविता पाठ के चौथे कवितांश को पढ़कर, समझकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दे पाएंगे। इससे उनकी पठन क्षमता का विकास होगा। विषयवस्तु को संदर्भानुसार ग्रहण करेंगे। गीत को धाराप्रवाह के साथ पढ़ने का अभ्यास करेंगे।

**PRACTICE SHEET**

रह-रह कर छत पर आ जाते
फिर चुपके ऊपर उड़ जाते
कभी-कभी ज़िद्दी बन करके
बाढ़ नदी-नालों में लाते
फिर भी लगते बहुत भले हैं
मन के भोले-भाले बादल।

१. कविता की कौनसी पंक्तियाँ आपको सबसे अच्छी लगी? और क्यों?

२. भारत की कुछ नदियों के नाम लिखिए?

**ASSESSMENT SHEET**

१. छत पर कौन आ जाते हैं?

२. कभी-कभी बादल ज़िद्दी बनकर क्या लाते हैं?

३. बाढ़ आने से क्या हानियाँ होती हैं?

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2021-22**

**LEVEL – 2**

| | | |
|---|---|---|
| Class : IV (FL) | Medium : EM/HM | Subject : Hindi |
| Unit : मन के भोले-भाले बादल | Topic/Concept : पढ़ो | Worksheet No.: 6 |

इस वर्कशीट द्वारा छात्र ( ` ) की मात्रा से अंत होनेवाले शब्द, युग्म शब्दों के प्रयोग और जोड़ी बनाना (चित्रों के माध्यम से) परिचित होंगे।

### PRACTICE SHEET

(अ) कविता में ए से अंत होनेवाले शब्दों को पेन्सिल से रेखांकित कीजिए और ( ` ) से अंत होने वाले शब्दों को पेन से रेखांकित कीजिए।

(आ) कविता में कुछ युग्म शब्दों का प्रयोग हुआ है जैसे नदी-नाले, उन्हें पेंसिल से रेखांकित कीजिए।

(इ) कविता की पहली आठ पंक्तियों में कवि ने बादलों की तुलना किन-किन से की है?

(ई) जोड़ी बनाइए :

| | |
|---|---|
| मतवाले | सूँड |
| हाथी-सी | बादल |
| परियों से | कूबड़ |
| ऊँटों से | पंख |

(उ) कविता के आधार पर इन प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में दीजिए।

१. बादल किसके समान गरजते हैं?

२. बादल अपने थैलों से क्या गिराते हैं?

३. कविता में किस वाद्‌य यंत्र का नाम लिया गया है?

४. जब बादल जिद्‌दी बनते हैं तो क्या होता है?

५. बादल सबको कैसे लगते हैं?

(ऊ) **कविता में निम्न भावों को व्यक्त करनेवाली पंक्तियाँ लिखिए।**

**बादल कभी-कभी जिद्दी बनकर इतना बरसते हैं कि नदियों में बाढ़ आ जाती है।**

.....................................................................................................

.....................................................................................................

## ASSESSMENT SHEET

**कुछ तो लगते हैं तूफ़ानी**
**कुछ रह-रह करते शैतानी**
**कुछ अपने थैलों से चुपके**
**झर-झर झर बरसाते पानी**

**उपर्युक्त कवितांश में तुकांत शब्दों को पेंसिल से रेखांकित कीजिए।**

**जोड़ी बनाइए।**



**सूँड**



**कूबड़**

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2021-22**

**LEVEL – 2**

**Class : IV (FL)** **Medium : EM/HM** **Subject : Hindi**

**Unit : मन के भोले-भाले बादल** **Topic/Concept : स्वरचना** **Worksheet No.: 7**

इस वर्कशीट द्वारा छात्र पढ़े गए विषय को समझ कर लिख सकेंगे। लिखते समय सही शब्दों को क्रमानुसार विराम चिह्नों का प्रयोग करते हुए बिना त्रुटियों के लिख सकेंगे।

### PRACTICE SHEET

१. तूफ़ानों से बादल का क्या नाता है? बादलों को तूफ़ानी क्यों कहा जाता है?

२. आकाश में क्या-क्या दिखाई देते हैं?

३. बरसात होते ही आप क्या करना चाहते हैं?

४. वर्षा के बारे में पाँच वाक्य लिखिए?

५. कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

### ASSESSMENT SHEET

१. कविता में कवि कल्पनाथ सिंह ने बादलों की तुलना किन-किन पशु-पक्षियों से की है?

२. बरसात के दिनों में मौसम कैसा होता है?

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2021-22**

**LEVEL – 2**

Class :IV (FL) Medium : EM/HM Subject : Hindi

Unit : मन के भोले-भाले बादल Topic/Concept : शब्द भंडार Worksheet No.: 8

इस वर्कशीट द्वारा छात्र शब्द भंडार का संदर्भोचित उपयोग कर अपने वाक्यों में प्रयोग करेंगे।

दिये गये शब्दों से नये शब्द बनायेंगे।

**PRACTICE SHEET**

स्वर अ आ इ ई उ ऊ ऋ
ए ऐ ओ औ अं अः

व्ंजन क ख ग घ ङ
च छ ज झ ञ
ट ठ ड ढ ण
त थ द ध न
प फ ब भ म
य र ल व श ष स ह
क्ष त्र ज्ञ श्र

वर्णमाला के आधार पर शब्द बनाकर तालिका में लिखिए।

| दो वर्ण वाले | तीन वर्ण वाले | चार वर्ण वाले |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

२. कविता में युग्म शब्द आए हैं - जैसेः- भोले-भाले (ऐसे अन्य शब्द लिखिए)

.......... .......... .......... .......... .......... ..........

३. निम्न लिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

१. आकाश में बादल छाये हैं। ............. .............

२. बादल मत वाले बनगये हैं। ............. .............

३. झर-झर-झर बरसाते पानी। ............. .............

४. कविता में प्रयुक्त इन शब्दों को पढ़िए।

काले-काले बादल

ऐसे ही अन्य शब्द लिखिए।

............. टमाटर ............. पेड़

............. घाँस ............. पानी

............. दूध

## ASSESSMENT SHEET

निम्न लिखित वाक्यों को रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

१) पेड़ के ऊपर कौआ है। .............

२) साई समय पर नहीं आता है। .............

निम्न वाक्यों में रेखांकित शब्दों के समानर्गी शब्द लिखिए।

१) चील के बड़े-बड़े पंख होते हैं। .............

२) धरती पर चारों ओर हरियाली है। .............

**STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING**

**TELANGANA, HYDERABAD**

**ACADEMIC YEAR 2021-22**

**LEVEL – 2**

Class : IV (FL) | Medium : EM/HM | Subject : Hindi

Unit : मन के भोले-भाले बादल | Topic/Concept : व्याकरणांश | Worksheet No.: 9

इस वर्कशीट द्वारा छात्र शब्द भेद के अंशों से परिचित होंगे।।

**PRACTICE SHEET**

नीचे एक अनुच्छेद दिया जा रहा है। इसे ध्यान से पढ़िए।

हैदराबाद में राघव और केशव नाम के दो भाई रहते थे। उनके घर में एक गौरी नामक गाय थी। गाय हर दिन चार लीटर दूध देती थी। दोनो भाई दूध, दही का सेवन करते थे। माँ उन्हें दूध से बनी मिठाइयाँ भी खिलाती थीं।

जो शब्द रेखांकित किए गए हैं, उन्हें संज्ञा कहा जाता है। रेखांकित शब्दों को निम्न लिखित तालिका में उचित स्थान पर लिखिए।

| व्यक्ति | वस्तु | स्थान | जानवर |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

निम्न वाक्यों के रेखांकित शब्दों के वचन बदल कर वाक्य पुनः लिखिए।

१. मोहन का थैला छोटा था।

..............................................................

२. नानी ने परियों की कहानी सुनाई।

..............................................................

३. हम ने चिड़िया घर में हाथी देखा।

..........................................................

४. बादल का रंग काला है।

..........................................................

## ASSESSMENT SHEET

चरण अच्छा लड़का है। वह हर दिन पाठशाला जाता है। वह बड़ों की आदर करता है और खूब पढ़ता है।

उपर्युक्त अनुच्छेद में विशेषण और क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए।

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2021-22**

**LEVEL – 2**

Class : IV (FL) Medium : EM/HM Subject : Hindi

Unit : मन के भोले-भाले बादल Topic/Concept : सृजनात्मक अभिव्यक्ति Worksheet No.: 10

---

इस वर्कशीट द्वारा छात्रों में कविता, कहानियाँ आगे बढ़ाना और सृजन करना, वार्तालाप, आत्मकथा और पत्र आदि लिखने की क्षमता उत्पन्न होगी।

**PRACTICE SHEET**

आकाश में विभिन्न आकार के बादल आपने देखे होंगे। जैसे हाथी की सूँडवाले, परियों के आकार वाले, गुब्बारेवाले, कुछ अन्य आकार वाले बादलों के चित्र बनाइए और दो-दो वाक्य उन पर लिखिए।

............................................. .................................................

............................................. .................................................

**ASSESSMENT SHEET**

बरसात संबंधी चार वाक्यों की कविता का सृजन कीजिए।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद,

तेलंगाणा, हैदराबाद